स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन प्रवेश शुरू

कोटपूतली। यहां के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में शैक्षिणक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। प्राचार्य प्रो. आर.के. सिंह ने बताया कि बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. (गणित व जीव विज्ञान), और नए शुरू हुए कोर्स में ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 22 मई तय की गई है। इसके बाद लेट फीस के साथ भी फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में इसी सत्र (2026-27) से कोर्स की शुरुआत की जा रही है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को मैनेजमेंट, बिजनेस, बैंकिंग, मार्केटिंग और कॉर्पोरेट सेक्टर में रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करेगा। वहीं पिछले सत्र से चल रहे कोर्स के अंतिम वर्ष में छात्रों को 12 हजार प्रतिमाह स्टाइपेंड के साथ इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की सुविधा भी मिलेगी। नोडल अधिकारी डॉ. देशराज यादव ने बताया कि आवेदन फॉर्म भरने के लिए फिलहाल टी.सी. (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) की जरूरत नहीं है। सभी मूल दस्तावेज प्रवेश के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय जमा कराने होंगे। इसके साथ ही राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के छात्रों को फॉर्म भरते समय अंकतालिका अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है; वे केवल अपने रोल नंबर की मदद से आवेदन कर सकते हैं। जाति प्रमाण पत्र और जरूरी दस्तावेज आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए यह ध्यान रखना जरूरी है कि उनका जाति प्रमाण पत्र 03 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

जनसुनवाई में बार-बार पहुंचने वाले परिवादियों के मामलों की मौके पर जांच के निर्देश

'पात्र व्यक्ति को खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित नहीं रखा जाए'

दौसा (निसं.)। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में गुरुवार को जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने विभिन्न प्रकरणों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं किया जाए तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई में रास्तों से अतिक्रमण हटाने, भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण, सीमा ज्ञान करवाने, बिजली कनेक्शन दिलवाने, पेयजल समस्याओं के समाधान, पेंशन शुरू करवाने, खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने, सिलिकोसिस कार्ड बनवाने तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करवाने सहित अन्य समस्याओं से जुड़े प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जिला कलेक्टर ने इन प्रकरणों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और निर्देश दिए कि जो प्रकरण नियमानुसार तत्काल निस्तारित किए जा सकते हैं, उनका शीघ्र समाधान कर परिवादियों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि जो परिवादी बार-बार जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं, ऐसे मामलों में स्वयं मौके

जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने विभिन्न प्रकरणों की गंभीरता से सुना।

की स्थिति का अवलोकन कर तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करें और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रकरण नियमानुसार किया जाना संभव नहीं हो तो परिवादी को स्पष्ट रूप से कारणों से अवगत कराया जाए। साथ ही यदि अधीनस्थ कार्मिकों की ओर से किसी प्रकार की लापरवाही बरती गई हो तो उसके संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिवादी को राहत प्रदान की जाए। जिला कलक्टर ने अतिक्रमण हटाने से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पुलिस जाप्ते की आवश्यकता महसूस हो, ऐसे स्थानों को चिन्हित कर जिला स्तर पर भिजवाया जाए, ताकि पुलिस अधीक्षक के माध्यम से आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा सके।

शर्तों का पालन नहीं करने वाली प्लेसमेंट एजेंसी का प्रकरण श्रम विभाग को भेजें : बांदीकुई पंचायत समिति क्षेत्र में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को वेतन नहीं मिलने के मामले को भी जिला कलक्टर ने गंभीरता से लिया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े पंचायत समिति विकास अधिकारी से तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि यदि कोई प्लेसमेंट एजेंसी अपनी शर्तों एवं दायित्वों का पालन नहीं करती है तो ऐसे प्रकरण श्रम विभाग को भी भेजे जाएं, ताकि नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा सके। साथ ही संबंधित कार्मिकों को वेतन दिलाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

खाद्य सुरक्षा योजना में नए आवेदन के लिए पोर्टल पुन: चालू हुआ : राष्ट्रीय

- जनसुनवाई में रास्तों से अतिक्रमण हटाने, भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण आदि पर दिशा निर्देश दिए

खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के मामलों पर जिला कलक्टर ने जिला रसद अधिकारी एवं संबंधित उपखंड अधिकारियों से चर्चा की। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा पोर्टल पूर्व में बंद था, जिसे अब पुन: चालू कर दिया गया है और पात्र आवेदक अब आवेदन कर सकते हैं। इस पर जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि किसी भी पात्र व्यक्ति को खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित नहीं रखा जाए तथा अपात्र व्यक्तियों को स्पष्ट रूप से कारणों से अवगत कराया जाए। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा अरविंद शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, नगर सुधार न्यास सचिव मूलचंद लूनिया, उपखंड अधिकारी दौसा संजू मीणा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।

सार-समाचार

छात्रा वैष्णवी शर्मा ने ओलंपियाड में की जीत हांसिल

कोटपूतली । प्रतियोगिता व शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी ऑरेंज एज्युकेशन संस्था की ओर से आयोजित ऑरेंज ग्लोबल ओलंपियाड परीक्षा में दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल की कक्षा 09 वीं की छात्रा वैष्णवी शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करके क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य शिल्पा सिंह ने बताया कि फरवरी 2026 में यह परीक्षा आयोजित हुई थी। जिनमें छात्रा वैष्णवी शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाया। जिसके बाद संस्था की ओर से दिल्ली स्थित चिन्मय गार्डन में आयोजित समारोह में छात्रा को मैंमंटो, प्रमाण पत्र व 11 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर साईबर विषय में आयोजित हुई इस परीक्षा में देश भर के हजारो बच्चों ने हिस्सा लिया था। स्कूल मैनेजमेंट के अंकुर गुप्ता, विष्णु मित्तल, आनंद मित्तल ने कहा कि प्रतिभाये राष्ट्र का गौरव होती है। इसलिए प्रतिभाओं का सम्मान समय-समय पर होना जरूरी है। प्रधानाचार्य शिल्पा सिंह ने कहा कि बच्चों को उनकी प्रतिभा को सामने लाने के लिए उचित मंच उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने छात्रा वैष्णवी शर्मा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 89 का चयन

सांभरझील, (निसं)। यहां रामगोपाल गोयल टाटी की पुण्य स्मृति में झूलेलाल मंदिर परिसर में टाटी परिवार के सानिध्य में एक दिवसीय मोतियाबिंद की निशुल्क जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की देखरेख का जिम्मा महेश कुमार गोयल, रामनारायण, सुरेश कुमार व राजेश कुमार गोयल ने संभाला तथा व्यवस्था को अंजाम दिया। आयोजक दीपक गोयल टाटी व नरेश आहूजा का कहना है कि समाज सेवा और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को आयोजित किया जाता है। शिविर में कुल 189 मरीजों की निशुल्क आंखों की जांच की गई, जिनमें से 89 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। निजी हॉस्पिटल जयपुर की 10 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने आधुनिक उपकरणों के माध्यम से मरीजों की आंखों की जांच की। जांच के बाद आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। 39 जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए। मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए 89 मरीजों का चयन लैंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन के लिए किया गया। इन मरीजों को विशेष बस के माध्यम से जयपुर स्थित अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन और उपचार किया जाएगा। मरीजों ने आयोजकों और चिकित्सकों की इस पहल की सराहना की, उन्होंने ऐसे शिविरों को क्षेत्रों के लोगों के लिए बेहद फायदेमंद बताया। शिविर की व्यवस्थाओं में कन्हैयालाल सोढ़ी, मोतीलाल ब्राह्मण, प्रदीप गांधी, दामोदर मुखिया, कैलाश शर्मा, भोजराज तंवर, रामरतन अग्रवाल, अशोक गांधी, सोहन व तनु चावला, मोहम्मद गफ्फार सहित अनेक ने अपना सहयोग व योगदान दिया।

पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की

कोटपूतली । कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी के दौरान पशु-पक्षियों के संरक्षण एवं जीव-दया की भावना को ध्यान में रखते हुए जिलेभर में दाना एवं पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बढ़ते तापमान के कारण पशु-पक्षियों के सामने चारे व दाना एवं जल का गंभीर संकट उत्पन्न हो रहा है, जिससे अनेक जीवों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता द्वारा जारी निर्देशों में समस्त विभागाध्यक्षों, उपखंड अधिकारियों, नगर परिषद, पंचायत समितियों एवं नगरपालिकाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्देशों के अनुसार सभी राजकीय कार्यालयों, विद्यालयों, चिकित्सालयों, ठााम पंचायत भवनों एवं सार्वजनिक पार्कों में छायादार स्थानों पर मिट्टी के परिंडे बांधने तथा बेसहारा पशुओं के लिए पानी की खेलियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही इन परिंडों एवं खेलियों में प्रतिदिन स्वच्छ जल भरने की जिम्मेदारी स्थानीय स्तर पर तय करने को कहा गया है। जिला प्रशासन ने सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापार मंडलों, धार्मिक ट्रस्टों एवं लायंस/रोटरी क्लबों से भी इस पुनीत कार्य में सक्रिय सहयोग की अपील की है। इसके अतिरिक्त आमजन को एक मुट्ठी दाना, एक कटोरा पानी अभियान से जोड़ते हुए अपने घरों की छतों, बालकनियों एवं आंगन में प्रतिदिन पक्षियों के लिए दाना एवं पानी रखने का संदेश दिया गया है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को अपने क्षेत्र में की गई कार्यवाही, चिन्हित स्थानों एवं लगाए गए परिंडों की संख्या की रिपोर्ट निर्धारित समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

'सीएम की मंशानुरूप बृज चौरासी कोस परिक्रमा में हों उत्कृष्ट व्यवस्थाएं'

डीग भरतपुर (निस)। गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को डीग पंचायत समिति के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर पुरुषोत्तम मास में आयोजित हो रही पावन बृज चौरासी कोस परिक्रमा की तैयारियों का जायजा लिया।

बैठक में जिला कलेक्टर मयंक मनीष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में गृहराज्य मंत्री बेढ़म ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन संवेदनशीलता और समन्वय के साथ कार्य करे। उन्होंने परिक्रमा मार्ग पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं तथा श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु उपयुक्त आश्रय स्थलों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

भीषण गर्मी को देखते हुए विश्राम स्थलों पर कूलर एवं अन्य राहत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सभी प्रमुख पड़ावों और विश्राम स्थलों के बाहर प्लास्टिक का उपयोग पूर्णत: निषिद्ध है संबंधी सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। साथ ही भंडारों एवं विश्राम स्थलों पर गैस सिलेंडरों की सुरक्षित आपूर्ति तथा लीकेज जांच सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

हनुतिया में पेयजल संकट

निवाई। गांव हनुतिया में पेयजल की समस्या गहरा गई है जिससे महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नर्मदा सिंह, इंदिरा खाती, अनोख शर्मा, सविता कंवर, प्रेम कंवर, माया कंवर, संतोष खाती, मनोज कंवर, नाथी खाती व रिंकू कंवर सहित कई महिलाओं ने बताया कि गांव में बीसलपुर परियोजना के तहत लगाए गए पॉइंट क्षितठास्त हो रखे हैं।

पीने के पानी की व्यवस्था के लिए अस्थाई रूप से मुख्य रास्ते से गुजर रही पेयजल पाइप लाइन से प्लास्टिक का पाइप रोड पर निकाल रखा है। जिससे गांव की सैकड़ो महिलाएं पानी भरने के लिए सुबह 5 बजे उठकर नल पर आकर बैठ जाती है और अपनी बारी का इंतजार करती रहती है।

कई बार तो नल ही नहीं आता है। जिससे महिलाओं को निराश होकर खाली बर्तनों को लेकर दूर दराज के कुएं से पानी लाना पड रहा है।

धार्मिक आस्था केन्द्र को बचाने के लिए धरना जारी

दूदू। निकटवर्ती बिचून की पहाड़ियों में स्थित भैराणा धाम की पवित्र भूमि धार्मिक आस्था केंद्र को बचाने के लिए सरकार के विरोध में रीको भगाओ भैराणा धाम बचाओ के आंदोलन को लेकर 36 वें दिन भी धरना स्थल पर साधु संतों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा । धरना स्थल पर मौजूद संत समाज ने कहा कि भैराणा धाम लाखों श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था का केंद्र है तथा दादू संप्रदाय के लिए हरिद्वार के रूप में माना जाता है इसकी पवित्रता एवं पर्यावरण के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा श्रद्धालुओं एवं संतों ग्रामीणों का कहना है कि यह संघर्ष जमीन बचाने का नहीं है । संस्कृति धार्मिक आस्था की रक्षा करने का है 36 दिन बीत जाने के बाद

- दादू संप्रदाय की भूमि को रीको से बचाने के लिए साधु संत दे रहे है धरना

भी सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर भारी आक्रोश व्याप्त है । धरना कमेटी ने आंदोलन को निर्णायक मोड़ पर देने के लिए आगामी 27म ई को भैराणा धाम में विशाल महापंचायत आयोजित करने की घोषणा की है । महा पंचायत को लेकर गांव में घर-घर जाकर पहले चावल बांटकर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को एकत्रित करने का न्योता दिया जा रहा है । महापंचायत में हजारों ग्रामीणों के साथ संत समाज मौजूद रहेगा।

महायज्ञ में उमड़ रहे श्रद्धालु

निवाई। महाराष्ट्र के मालेगांव में मां बगलामुखी राष्ट्र रक्षा महायज्ञ का आयोजन संचालित हो रहा है। जिसमें प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड रही है। देशभर से लोग ज्योतिष चर्चा, धार्मिक अनुष्ठान एवं राष्ट्र रक्षा यज्ञ में भाग लेने पहुंच रहे हैं। महायज्ञ स्थल पर लगातार हवन, पूजा-अर्चना एवं वैदिक अनुष्ठान जारी हैं। साथ ही देशभक्ति गीतों और राष्ट्रवाद के संदेशों के माध्यम से लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की जा रही है। प्रतिदिन भारत माता की आरती भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ की जा रही है। महायज्ञ के दौरान मिट्टी से निर्मित शिव परिवार की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पंडित राजकुमार शर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आगे बढने का आ ान करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम की गई ।

औचक निरीक्षण

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हो रहे पीएम श्री योजनांतर्गत कक्षा 6 से 8 वीं के अभिरुचि शिविर का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक जिला परियोजना समन्वयक शिवप्रसाद मीणा, रामजीलाल मीणा एवं जिला सलाहकार समठा शिक्षा शिवप्रकाश गुर्जर ने शिविर में चल रही विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया और छात्र-छात्राओं के कौशल विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

विषम परिस्थितियों में प्रो रमेश बैरवा ने किया वजीरपुर महाविद्यालय का सफल संचालन

वजीरपुर। आज राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में नोडल अधिकारी प्रो. रमेश बैरवा का सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। संकाय सदस्य और छात्राओं ने प्रो.बैरवा को माला एवं साफा पहनाकर भावी जीवन में स्वस्थ एवं सक्रिय रहने के लिए शुभकामनाएं दी। संकाय सदस्यों की ओर से लंच दिया गया। संकाय सदस्यों एवं छात्राओं ने विषम परिस्थितियों में डॉ.बैरवा द्वारा वजीरपुर कन्या महाविद्यालय के सफल संचालन के लिए तारीफ की। प्रवक्ता डॉ संपूर्णानंद गौतम ने संचालन एवं छात्रा साक्षी वर्मा ने छायांकन किया। सहायक कर्मी सोहनसिंह योगी, सुनील कुमार बैरवा, कन्हैया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया। डॉ बैरवा ने महाविद्यालय के सफल संचालन में संकाय सदस्यों के पूर्ण सहयोग एवं स्नेह के लिए हार्दिक आभार जताया तथा महाविद्यालय की भावी प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी गई । प्रवक्ता डॉ

राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में नोडल अधिकारी प्रो. रमेश बैरवा का सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया।

ऋषिकेश गुर्जर ने प्रो बैरवा के शिक्षा एवं सामाजिक कार्यों में किए योगदान को सराहा। श्री महेंद्र कुमार ने डॉ बैरवा को शोषित पीडित वर्ग के हकों के संघर्ष का योद्धा कहा। डॉ बैरवा के छात्र रहे डॉ.गिर्राज प्रसाद जोनवाल ने इन्हें प्रो रमेश बैरवा से मिले मार्गदर्शन के लिए सम्मान प्रकट किया। डॉ भूरसिंह गुर्जर ने प्रो बैरवा को छात्रों के लिए प्रेरणादायी एवं महाविद्यालय के सफल संचालक बताया। वरिष्ठ संकाय सदस्य मानसिंह मीणा ने आभार व्यक्त किया अंतिम सेमेस्टर की छात्रा रश्मि मीणा एवं खुशबू मीणा ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एस राधाकृष्णन, द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा ज्योति सोनी,रानी राजावत, चेल्सी मित्तल,वर्षा बंसल, भावना कुमारी बैरवा, कृष्णा सैनी, साक्षी वर्मा ने बाबा साहेब डॉ.अंबेडकर एवं संकाय सदस्यों ने शहीद भगतसिंह की तस्वीर भेंट कर सम्मान प्रकट किया।

छह विभागों के अधिकारी रहे नदारद, नोटिस दिये

खैरथल। जिला सचिवालय खैरथल तिजारा पर गुरुवार को जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में हुई त्रिस्तरीय जनसुनवाई में एक नहीं दो नहीं 6 विभागों के अधिकारी जब नदारद मिले तो कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर कर सभी नदारद अलग अलग विभागों के अधिकारीयों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जनसुनवाई में विवाह पंजीयन के लिए महीनों से चक्कर काट रहे फरियादी की शिकायत पर ग्राम विकास अधिकारी भोंकर मिंटू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इस जनसुनवाई में 75 शिकायतें आईं, जिन पर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए जनसुनवाई में नदारद रहने पर जिन विभागों के अधिकारियों को कलेक्टर की ओर से गंभीर लापरवाही मानते हुए नोटिस भेजा गया है उनमें जिला परिवहन अधिकारी भिवाड़ी तथा खैरथल राजीव चौधरी एवं सविता भारद्वाज, क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड अमित जुयाल, रीको प्रथम व द्वितीय के शिवकुमार एवं अखिल अग्रवाल, हाउसिंग बोर्ड के पीएल मीणा, श्रम विभाग की प्रज्ञा शर्मा और ईओ नगर पालिका किशनगढ़ बास राहुल है।

जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुए कुल 75 परिवादो में किसान सम्मान निधि, पथरगढ़ी, रास्ता खुलवाना, सफाई, राशन दुकान, आगजनी सहायता, बंटवारा, अवैध कब्जा, श्रमिक कल्याण योजना, जन आधार से नाम हटवाना, पट्टा, जोगीवाडा में शराब ठेका व आरा मशीन हटवाना, श्मशान घाट भूमि आवंटन, छात्रवृत्ति, पेयजल, नाका निर्माण, पीएम आवास जिओ टैगिंग, इंतकाल, भूमि अवाप्ति मुआवजा, सडक, नामांतरण और जमीन विवाद आदि जैसी शिकायत शामिल हैं।

आम सूचना सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य श्री नईमुद्दीन कुरैशी पुत्र श्री दिन मोहम्मद, निवासी सराय मोहल्ला, जोबनेर, जिला जयपुर (राज.) की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य का पुत्र अजहरूद्दीन एवं पुत्रवधु सलमा बानो एवं उनका परिवार मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है पिछले एक साल से अलग रह रहे है तथा मनमर्जी करते व लडाई झगडा करते है जिस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र अजहरूद्दीन, पुत्रवधु सलमा बानो एवं उनके परिवार को सभी प्रकार के सामाजिक, आर्थिक सम्बन्ध समाप्त कर उसको अपनी जाति जिन्दगी, जायदाद एवं समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति मेरे अभिभाष्य के पुत्र अजहरूद्दीन, पुत्रवधु सलमा बानो एवं उनके परिवार से किसी प्रकार का कोई लेनदेन, व्यापार, संव्यवहार आदि करता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी, मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।
(जुल्फिकार अली) एडवोकेट, मो. 9829372540

खोया पाया

मेरी दुकान नम्बर 4 नियर जगतपुरा तिराहा, विजय कॉलोनी, बाल्मीकि बस्ती, जेडीए पट्टा मालवीय नगर योजना का मूल साइट प्लान मालवीय नगर में कहीं गिर गया है मिलने पर सूचित करें- धन्वंतरी देवी 9587334025

मेरा Flat No.-MA-II/612 प्रताप अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, संशोधित आवंटन पत्र, नो ड्यूज व आरक्षण पत्र कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें-9461550883

नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में 383 परिवाद दर्ज

टोंक। जिला कलेक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में गुरुवार को लगभग साढ़े सात घंटे जिला स्तरीय मासिक जन सुनवाई चली। इसमें जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने 383 परिवाद दर्ज कराकर व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को बताया। जिला कलेक्टर ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रुप से समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पीड़ित को राहत व संतुष्टि भी मिलें। इस दौरान देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर भी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिन प्रकरणों का नियमानुसार समाधान किया जाना संभव नही है उसमें परिवादी को संबंधित अधिकारी द्वारा लिखित में जवाब दिया जाएं। जनसुनवाई में परिवादी बार-बार नहीं आए, इसके लिए परिवादी से दूरभाष पर बात कर समझाइश की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में आए प्रकरणों का स्वंय

टोंक जिला कलेक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में गुरुवार को लगभग साढ़े सात घंटे जिला स्तरीय मासिक जन सुनवाई का आयोजन किया।

रजिस्टर में संधारण करें। इससे प्रकरणों को ट्रेक किया जा सकेगा। अधिकारी प्रकरणों को अनावश्यक लंबित नहीं रखें। परिवादी को स्पष्ट एवं स्थाई समाधान देकर राहत प्रदान करें।

जिला कलेक्टर के समक्ष ब्लॉक उनियारा के ग्राम रघुनाथपुरा के ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई की श्मशान भूमि के रास्ते पर अतिक्रमण हटाया जाएं। जिला कलेक्टर ने एसडीओ देवली, उनियारा बीडीओ और नगरफोर्ट तहसीलदार को आपसी समन्वय बनाकर अतिक्रमण बनाने के निर्देश दिए। निवाई ब्लॉक के ग्राम जामडोली में आम रास्ते पर बार-बार अतिक्रमण करने की शिकायत पर निवाई तहसीलदार नरेश गुर्जर ने बताया कि उनके द्वारा दो बार अतिक्रमण हटाया जा चुका है। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी निवाई अजीत राठौड़ को अतिक्रमियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए। ग्राम वनस्थली से आए

- जिला कलेक्टर ने परिवादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए

ग्रामीणों ने वनस्थली विद्यापीठ के पीछे स्थित बस्ती में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई।

जिला कलेक्टर को ग्रामीणों ने बताया कि विगत बारिश में वहां बाढ़ जैसे हालात हो गए थे। जिला कलेक्टर ने एसडीओ निवाई को मौका देखकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में बहीर टोंक निवासी कालूराम सैनी ने पेयजल समस्या, ग्राम छान निवासी शंकरलाल, कुहाड़ा के मनराज ने पटटा बनवाने, हथौना के रामकरण, पवालिया के विमला साहू एवं फतेहगंज के कृष्ण कुमार ने नामान्तरण खुलवाने, बिचपुड़ी के हरिनारायण ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए।

स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक का पद रिक्त

सिरस। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरस में चिकित्सक का पद रिक्त होने से रोगियों को प्राथमिक उपचार के लिए भी बाहर जाना पड रहा है। जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल योगी, सरपंच शिवजीराम जाट, पूर्व उपसरपंच कैलाश प्रजापत, देवेंद्र चौधरी, परमेश्वर योगी, राम भजन जोगी व शिवचरण योगी ने बताया की सिरस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दर्जनों गांव के रोगी उपचार करवाने के लिए आते हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर तीन माह से चिकित्सक का पद रिक्त है। चिकित्सक के अभाव में रोगियों को उपचार के लिए निवाई व टोंक जाना पड रहा है। क्षेत्र के लोगों को लंबी दूरी तय करके उपचार के लिए बाहर जाने में समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक लगवाने के लिए जनप्रतिनिधियों व उच्चाधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी ध्यान नहीं देने से लोगों में नाराजगी बनी हुई है।

नाम परिवर्तन

मैनें अपना नाम नाजीर से बदलकर नाजीर हुसैन पुत्र श्री बुन्दु खान निवासी 180, न्यू इन्द्रा कॉलोनी, गली नं.9 जलमहल जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे नाजीर हुसैन के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैने मेरा नाम कल्पनाबेन तेतरवाल से बदलकर कल्पना रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएं। निवासी ढाणी बागा पडता पीथूसर जिला झुंझुनूं राजस्थान।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती मीना शर्मा पत्नी श्री महेन्द्र कुमार शर्मा उम्र 52 वर्ष निवासी प्लाट नं. ए-135 मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर का पुत्र विवेक शर्मा व पुत्र वधु मोनिका शर्मा एवं पौत्री गुनू मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है तथा उनका व्यवहार मेरी अभिभाष्या व मेरी अभिभाष्या के प्रति से अच्छा नहीं होने, मानसिक व शारीरिक रूप से हैरान, परेशान व प्रताड़ित करना, भरण पोषण नहीं करने के कारण मेरी अभिभाष्या व मेरी अभिभाष्या के पति महेन्द्र कुमार शर्मा ने अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से अपने पुत्र, पुत्रवधु व पौत्री को बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी आपराधिक व सिविल कार्यवाही लेनदेन व संव्यवहार की जिम्मेदारी मेरी अभिभाष्या व उनके पति की नहीं होगी व पुत्र, पुत्रवधु व पौत्री को हिन्दु उत्तराधिकार व विधिक दायित्व से विधि अनुसार पृथक/बेदखल कर रहे हैं।
जयपुर दिनांक नीरज शर्मा (अधिवक्ता) मो. 9024066317

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 63/15, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान में स्थित जो सर्वप्रथम में राधेश्याम अग्रवाल पुत्र श्री विजय लाल के स्वामित्व अधिकार का था, तत्पश्चात् श्रृखलाबद्ध लगातार रजिस्टर्ड दस्तावेजो के आधार पर वर्तमान स्वामी निखिल कुमार गोयल है। यह कि सर्व प्रथम आवंटन मय कब्जा पत्र क्रमांक 679 दिनांक 22/04/1993 ईस्वी को राधेश्याम अग्रवाल पुत्र श्री विजय लाल के नाम जारी हुआ था जो कई गुम हो गया है जिसकी रिपोर्ट एलआर नम्बर 3153189/2026 दिनांक 21-05-2026 को दर्ज करा दी गई है, उक्त प्लाट को खरीदने के लिये मेरी अभिभाष्या पुष्पा मीणा पत्नी श्री भरत लाल मीणा ने SBI Bank में लोन हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 7 दिवस में सम्पर्क करें।
सुनिल कुमार मीणा अधिवक्ता मो 9929558699

कार्यालय- पीईईओ/प्रधानाचार्य
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांकरी (पावटा) कोटपूतली बहरोड
क्रमांक-100 दिनांक-16.05.2026
नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांकरी, पं.स. पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड में निष्क्रिय आईसीटी लैब प्रथम चरण एवं अन्य आईसीटी उपकरणों जिसका वास्तविक क्रय मूल्य 191800/- अक्षरे एक लाख इकरानवे हजार आठ सौ रूपये है को दिनांक 27.05.2026 को प्रात 10.00 बजे स्थानीय विद्यालय के प्रांगण में खुली बोली लगाकर नीलाम किया जायेगा। अतः सभी इच्छुक व्यक्ति/कबाडी/फर्म जो इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना चाहें तो निश्चित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर भाग ले सकता है।
नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/कबाडी/फर्म को धरोहर राशि 2000/- अक्षरे दो हजार रूपये नीलामी पूर्व कार्यालय में जमा करवाने होंगे। नीलामी की शर्ते नीलामी से पूर्व पढकर बताई जायेगी। अधिकतम बोलीदाता की बोली स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नीलामी कमेटी का होगा। नीलामी बोली राशि पर नियमानुसार जीएसटी अतिरिक्त देय होगा जो क्रेता को जमा कराना होगा।
प्रधानाचार्य
रा.उ.मा.वि. भांकरी
(पावटा) कोटपूतली-बहरोड
संपर्क नं. 9660332771

कार्यालय- पीईईओ/प्रधानाचार्य
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़नगर (पावटा) कोटपूतली बहरोड
क्रमांक-1586 दिनांक-21.05.2026
नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़नगर, पं.स. पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड में निष्क्रिय आईसीटी लैब प्रथम चरण एवं अन्य आईसीटी उपकरणों जिसका वास्तविक क्रय मूल्य 231900/- अक्षरे दो लाख इकत्तीस हजार नौ सौ रूपये है को दिनांक 27.05.2026 को प्रात 11.30 बजे स्थानीय विद्यालय के प्रांगण में खुली बोली लगाकर नीलाम किया जायेगा। अतः सभी इच्छुक व्यक्ति/कबाडी/फर्म जो इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना चाहें तो निश्चित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर भाग ले सकता है।
नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/कबाडी/फर्म को धरोहर राशि 2000/- अक्षरे दो हजार रूपये नीलामी पूर्व कार्यालय में जमा करवाने होंगे। नीलामी की शर्ते नीलामी से पूर्व पढकर बताई जायेगी। अधिकतम बोलीदाता की बोली स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नीलामी कमेटी का होगा। नीलामी बोली राशि पर नियमानुसार जीएसटी अतिरिक्त देय होगा जो क्रेता को जमा कराना होगा।
प्रधानाचार्य
रा.उ.मा.वि. बड़नगर
(पावटा) कोटपूतली-बहरोड
संपर्क नं. 9660332771

उत्तर पश्चिम रेलवे अधिसूचना सं. 01/2026 दि. 20.05.2026
जयपुर मंडल के स्वास्थ्य इकाई, अलवर मे सामान्य ड्यूटी चिकित्सा प्रेक्टिशनर के पद को पूर्ण कालिक संविदा के आधार पर भरने हेतु तत्काल साक्षात्कार।
उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल पर चिकित्सा विभाग में सामान्य ड्यूटी चिकित्सा प्रेक्टीशनर के कुल 01 पद (अनारक्षित = 01) को पूर्ण कालिक संविदा के आधार पर भरने हेतु इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार तत्काल साक्षात्कार हेतु **दिनांक 09.05.2026** को **प्रातः 08:00 बजे** मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल कार्यालय, उ.प.रे.-जयपुर को रिपोर्ट करें।
विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट "nwr.indianrailways.gov.in" पर जाए।
757-DE/26 मंडल कार्मिक अधिकारी, जयपुर
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें